Title : Need to declare Jharkhand a drought hit state and complete the Konar Irrigation Project in the State.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): महोदय, झारखण्ड के विभिन्न जिलों में बारिश नहीं होने के कारण धान की बुआई एवं रोपाई नहीं हो सकी है। कई स्थानों पर रोपा हुआ धान का बीज नष्ट हो गया है। खरीफ फसल नष्ट हो जाने के कारण किसानों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

झारखण्ड राज्य बिहार से अलग होने के बाद भी आज विकास एवं गरीबी उनमूलन कार्यक्रमों को निष्पादित करने में विवश एवं विफल है। करीब 30 वर्ष पूर्व झारखण्ड में एक महत्वकांक्षी योजना बनी थी, कोणार सिंचाई परियोजना। इस परियोजना का कार्य पूरा हो जाने से झारखण्ड के हजारों एकड़ भूमि सिंचित हो जाती। इस संबंध में हमने 11वीं,12वीं एवं 13वीं लोकसभा में भी इस मामले को इस गरिमामय सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था, परन्तु परिणाम शून्य है।

अतः केन्द्र सरकार से हमारा आग्रह है कि झारखण्ड को सूखाग्रस्त राज्य घोषित कर कोणार सिंचाई परियोजना का काम शीघ्र पूरा करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किया जाए और पीड़ित किसानों को शीघ्र मदद करने हेतु आवश्यक कदम उठाया जाए।